सुविचार

जब जेब में रूपये हो तो दुनिया आपकी औकात देखती है, और जब जेब में रूपये न हो तो दुनिया अपनी औकात दिखाती है!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-44 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 8 दिसम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## खराब शराब से लेकर नकली दवाई बेचने वालों के खिलाफ मध्यप्रदेश में क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए/legal advice...

जब कोई लाइसेंस धारी व्यक्ति या कोई अन्य व्यक्ति ऐसी शराब का विक्रय करते हैं जो मानव के लिए अब उपयोगी नहीं है अर्थात खराब हो गई है या कोई मेडिकल वाला या अन्य व्यक्ति नकली दवाइया या खराब दवाइयां की विक्री करता है जो मानव जीवन के शरीर को संकट में डाल सकती है तब ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध क्या कार्यवाही होगी जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण अधिनियम,1982 की धारा 19 की परिभाषा?**

जो कोई व्यक्ति जानबूझकर लाइसेंस धारण करते हुए या अन्यथा भी;-
मानवीय उपयोग के लिए खराब मंदिरा या किसी अपमिश्रित या गलत छाप वाली दवाओं की विक्री करेगा अर्थात उपभोक्ता को बेचेगा वह उपर्युक्त धारा 19 के अंतर्गत दोषी होगा।

**दण्ड का प्रावधान-** यह अपराध संज्ञेय एवं आजमानतीय अपराध है इनका विचारण सेशन कोर्ट द्वारा किया जाता है

**सजा-** इस अपराध के लिए निम्न दण्ड का प्रावधान होगा
इस दशा में उपभोग करने वाले व्यक्ति की अगर मृत्यु हो जाती है तब सजा मृत्युदंड या आजीवन कारावास से लेकर कम से कम 10 वर्षों तक की और जुर्माना भी होगा। जब किसी उपभोक्ता के स्वास्थ्य पर कोई भी हानिकारक प्रभाव होता है उस दशा में अधिकतम पाँच वर्ष की कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

## लेन-देन पाँच हजार का और निर्णय में चार हजार लिखा जाए तब यह गलती किस कानून के अंतर्गत सुधारी जाती है जानिए/CPC

बहुत सी बार ऐसा होता है जब सिविल कोर्ट में कोई मामला संपत्ति संबंधित विवाद का चल रहा होता है और लेन-देन पाँच हजार रुपए का है सुनवाई भी पाँच हजार रुपए को लेकर हुई थी लेकिन मजिस्ट्रेट के निर्णय में चार हजार रुपए देना लिखा आ जाए तब क्या न्यायालय में ऐसी गलती सुधारने के लिए आवेदन दिया जा सकता है जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 की धारा 152 की परिभाषा?**

जब कोई निर्णय, डिक्री, आदेश आदि में लिपिकीय त्रुटि, टाइपिंग,या कोई गुणा, भाग, जोड़ संबंधीआदि त्रुटियां न्यायालय द्वारा हो जाती है तब कोई भी पक्षकार उक्त धारा के अंतर्गत त्रुटि सुधार के लिए न्यायालय में आवेदन कर सकता है। कुलमिलाकर कहे तो इस धारा का उद्देश्य न्यायालय द्वारा पारित आदेशों, निर्णयों, एवं उनके आधार पर बनाई गई डिक्री में कभी कभी अनचाही गलतियां हो जाती है इन्ही गलतियों को सिविल न्यायालय सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 152 के अंतर्गत सुधार कर सकता है।


### स्मृति ईरानी ने अपने पिता के साथ पीएम मोदी से की मुलाकात

## बोलीं- ऐसा लगा जैसे पीटीएम चल रही है



**नई दिल्ली।** स्मृति ईरानी ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह अपने पिता अजय कुमार मल्होत्रा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करती दिख रही हैं. अपने खास मजाकिया अंदाज में उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें अपने बॉस और अपने पिता की एक-दूसरे से मुलाकात के बारे में कैसा महसूस हुआ. पोस्ट पर एकता कपूर और सोनू सूद सहित कई लोगों ने अपने रिएक्शन भी दिए ईरानी ने एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, जब बॉस पिता से मिलते हैं... और आप प्रार्थना करते हैं कि वे आपके बारे में शिकायतों का आदान-प्रदान न करें। एकता कपूर ने पोस्ट किया, पिताजी बहुत हैंडसम लग रहे हैं। जिस पर ईरानी ने जवाब दिया, मैं उन्हें बताऊंगी। सोनू सूद ने भी पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, इस अच्छे स्टूडेंट के लिए बहुत सारी तारीफ. आपकी बेटी मेहनती है, आपने उसे अच्छी शिक्षा दी है। तीसरे ने मजाक में कहा, ये तो PTM हो रहा है चौथे ने लिखा, पीटीएम सही कैप्शन होगा, पांचवें ने लिखा, गर्वित पिता, कई लोगों ने दिल के इमोटिकॉन्स का उपयोग करके पोस्ट पर प्रतिक्रिया ज़ाहिर की।

## प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान के प्रति जन चेतना जगाई: रामनाथ कोविंद



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान के प्रति जन चेतना जगाई. इंदिरा गांधी कला केंद्र (आईजीएनसीए) ने एक बयान में कहा कि वह नए भारत का सामवेद नामक पुस्तक के विमोचन से संबंधित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह एक मौलिक संग्रह है जिसमें मोदी के प्रभावशाली भाषणों पर प्रकाश डाला गया है, जो देश के संविधान में निहित मूल सार और मूल्यों को रेखांकित करते हैं. बयान के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का जिक्र करते हुए कोविंद ने कहा कि यह संवैधानिक सिद्धांतों के 'अनुरूप है। पूर्व राष्ट्रपति ने भारत के संविधान की सराहना की जो न्यायपालिका, कार्यपालिका और प्रत्येक नागरिक का सटीक मार्गदर्शन करता है. बयान के अनुसार, उन्होंने संविधान के बारे में जनता में चेतना जगाने, एकता और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने वाले राष्ट्र के सार को समाहित करने का श्रेय मोदी को दिया। इस अवसर पर संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय, आईजीएनसीए के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी भी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार पर दिल्ली में मंथन आज

### भूपेश बघेल, बैज, सिंहदेव समेत कई बड़े नेता होंगे शामिल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार की समीक्षा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में होगी। यह बैठक आज नईदिल्ली में आयोजित की गई है। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य नेता हिस्सा लेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव केसी वेणुगोपाल हार की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा व प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज भी मौजूद रहेंगे। समीक्षा में बैठक में 55 विधायकों और नौ मंत्रियों के हारने पर भी मंथन होगा। कांग्रेस को सरगुजा संभाग की सभी 14 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में संभावना है कि सरगुजा संभाग के हारने की विशेष समीक्षा जरूर होगी। बैठक में टीएस सिंहदेव को भी बुलाया गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 54 व कांग्रेस को 35 सीटें मिली हैं, वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस को सरगुजा व रायपुर में सभी सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। छत्तीसगढ़ के निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में कांग्रेस की हार पर कहा कि जनता ने जो जनादेश दिया है, वो स्वीकार है।

## सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायतों का अंबार, 12 हजार से अधिक आवेदन लंबित





**विदिशा।** नागरिकों की शिकायतों का समयावधि में निराकरण करने के लिए बनाए गए सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर इन दिनों शिकायतों का अंबार लग गया है। पोर्टल पर लंबित शिकायतों की संख्या 12 हजार पार हो गई है। इसकी वजह चुनाव की आदर्श आचार संहिता को बताया जा रहा है। मालूम हो, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आम नागरिकों की शिकायतों के निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन सेवा शुरू की है, जिसमें एक फोन काल पर शिकायत दर्ज की जाती है और इसका निराकरण संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को करना होता है। इस पोर्टल पर हर माह तीन से चार हजार शिकायतें दर्ज होती है। जिनका निराकरण एक माह के भीतर कर लिया जाता है लेकिन इस बार 9 अक्तूबर से 4 दिसंबर तक विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगी रही, जिसमें सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा पर भी रोक लगी हुई थी वहीं जिले का पूरा सरकारी अमला भी चुनाव कार्यों में लगा रहा, जिसके कारण अधिकांश शिकायतों का निराकरण ही नहीं हो पाया।

**नवंबर में 6 हजार शिकायतें**

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में बीते नवंबर माह में करीब छह हजार शिकायतें दर्ज की गई है और इस माह बीते छह दिनों में ही 2 हजार 741 शिकायतें दर्ज हो चुकी है। जिले के पोर्टल पर वर्तमान में 12 हजार 913 शिकायतें लंबित बताई जा रही है। लोक सेवा गारंटी के जिला प्रबंधक अमित अग्रवाल के मुताबिक चुनाव के कारण शिकायतों के निराकरण की गति धीमी हुई है।

# भाजपा से नरेंद्र शिवाजी पटेल ने उदयपुरा विधानसभा की सीट पर की ऐतिहासिक जीत दर्ज।



**संवाददाता हल्केवीर**

देवरी/उदयपुरा। मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। जीत की कशमकश को देखते हुए विधानसभा प्रत्याशियों में हलचल थम गई है। मध्य प्रदेश विधानसभा में 230 सीट है। सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जिसमें भाजपा जो की सबसे बड़ी पार्टी है उसने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर। उदयपुरा विधानसभा 140 से कांग्रेस से प्रत्याशी देवेंद्र पटेल को हराकर भाजपा से नरेंद्र शिवाजी पटेल ने उदयपुरा विधानसभा में 42 हजार से ज्यादा मतों से विजय प्राप्त की। जोकि उदयपुरा विधानसभा में आज के चुनावी परिणामों को देखते हुए सबसे ज्यादा है। नरेंद्र शिवाजी पटेल ने उदयपुरा विधानसभा में विकास का वादा किया साथ ही लोगों को हर संभव सुविधा एवं मान सम्मान मिले इसी कामना के साथ उन्होंने उदयपुरा विधानसभा की तमाम जनता का आभार व्यक्त किया।



# 6 दिसम्बर महापरिनिर्माण दिवस अजाक्स कार्यालय सतना में मनाया गया



**कैलाश कुमार (सह संपादक)**

अजाक्स कार्यालय आर- 102,सिविल लाइन कोठी रोड सतना में 6दिसंबर2023 को परम् पूज्य डा0 भीमराव अंबेडकर जी का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया है। जिसमे माननीय,रामकलेश साकेत अजाक्स अध्यक्ष सतना और अजाक्स निःशुल्क कोचिंग कैरियर मार्गदर्शन सेवा के टीचर्स एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कोचिंग सेंटर के छात्राओं ने मनाया बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस



**कैलाश कुमार - (सह संपादक)**

सतना। भारतीय संविधान के जनक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर कोचिंग के छात्र छात्राओं ने बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं भारतीय संविधान उद्देशिका का वाचन किया सभी छात्राओं ने संकल्प लिया कि हम बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर हमेशा चलेंगे और उनके विचारों को अपने जीवन पर उतरेंगे कोचिंग सेंटर संचालक ने छात्राओं को बाबा साहब के जीवन संघर्षों को बताया! भीमराव अंबेडकर जी ने कमजोर वर्ग निकले तपके के लोगों, मजदूर , और महिलाओं को सशक्त बनाने और इन्हें समानता का अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया और उनका मकसद था कि समाज से जात-पात छुआछूत और वर्ण व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म करना बाबा साहब ने कहा स्वतंत्रता ,समानता, और बंधुत्व यह तीनों ही चीज विकास के लिए बहुत जरूरी है।

# भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सहयोग राशि प्रदान की गई





**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

कलेक्टर आशीष सिंह को कलेक्टर कार्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सेना के अधिकारियों ने दिवस का प्रतीक ध्वज लगाया। कलेक्टर ने अपनी ओर से सहयोग राशि तथा दिवस के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं में कर्त्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इन सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर , सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर मोटर वाहनों में लगने वाले कार ध्वज तथा प्रतीक ध्वज वितरित करने से संग्रहित राशि से शहीद सैनिकों के आश्रित परिजन, दिव्यांग सैनिकों, पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएँ संचालित की जाती हैं।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर नगर परिषद देवरी में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**संवाददाता हल्केवीर**

देवरी। 6 दिसंबर को संपूर्ण भारत में परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। नगर परिषद देवरी में भी नगर के मुख्य मार्गो से बुद्ध पीस मार्च निकालकर नगर परिषद में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जिसमे अनेको सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। राकेश अंबेडकर द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा के समक्ष बुद्ध वंदना का वाचन किया गया। रमन वामने उदयपुरा के द्वारा मंच का कुशल संचालन किया गया। सभी व्यक्तियों ने बारी बारी से बाबा साहब के विषय में अपनी बात रखी। इस महापरिनिर्वाण दिवस पर नगर देवरी के आसपास के सभी क्षेत्रों से सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। गोटीराम बघेल, विजय बघेल, हल्केवीर, जितेंद्र बघेल, संदीप बघेल, आशीष, गणेश, बालमुकुंद, बिहार मंडे एवं तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 3 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की जागरूकता के लिए आसमान में लहराया गया बैलून

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**




**भोपाल।** 10 दिसंबर को आयोजित किए जा रहे पल्स पोलियो अभियान की जागरूकता के लिए कलेक्टर कार्यालय में स्काई बैलून लहराया गया है। यह बैलून 100 फीट की ऊंचाई पर स्थित किया गया है । कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह ने बैलून को आसमान में छोड़कर परिजनों से अपने 5 वर्ष तक के बच्चो पोलियो रोधी दवा अनिवार्य रूप से पिलाने की अपील की है । इस अवसर पर पल्स पोलियो के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। उन्होंने कहा कि 5 साल तक की उम्र के बच्चों के परिजन 10 दिसंबर को पोलियो बूथ पर पहुंचकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि भोपाल जिले में अभियान के तहत जन्म से 5 साल तक की उम्र के तीन लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान के लिए भोपाल में 2893 बूथ बनाए गए हैं । जिन पर लगभग 5800 बूथकर्मी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। जिले में 301 सुपरवाइजर, 197 ट्रांसिट टीम एवं 36 मोबाइल टीम गठित की गई हैं। पोलियो अभियान के लिए भोपाल को 4 लाख 20 हजार डोज प्राप्त हुए हैं। सभी कोल्ड चेन पॉइंट को वैक्सीन एवं प्रचार सामग्री पहुंचा दी गई है । 5 साल तक की उम्र का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा सेवन से न छूटने पाए, इसके लिए डब्लू एच ओ, स्वतंत्र एजेंसियों एवं जिला पंचायत के माध्यम से सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। किसी क्षेत्र में कोई बच्चा टीकाकरण से छूटा हुआ पाए जाने या टीकाकरण के कार्य में लापरवाही पाई जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नगरवासियों को स्वस्थ रखने का संकल्प पूर्ण कर रहे नगर के युवा योगाचार्य शिवाकांत शुक्ल



**शहडोल/रोहित तिवारी।** विदित हो इस समय ठंड अपने सीमा पर है ऐसे में जहाँ एक तरफ़ ठंड से लोग ठिठुर कर बिस्तर में पड़े रहते हैं सुबह उठने की हिम्मत नहीं होती। वहीं शहर के युवा योगाचार्य सुबह कड़ाके की ठंड में उठकर लोगों को निरोगी रखने के लिए योग की निःशुल्क कक्षाएँ संचालित कर रहे हैं। जहाँ कोहरे की चपेट एवं बारिश की रिमझिम बौछारों के बीच भी शहडोल वासियों को सुबह उठकर योग व्यायाम करना काफी पसंद आ रहा है क्योंकि इन्हें अपने आप को स्वस्थ एवं सेहतमंद बनाए रखने का जुनून है। उनके इस जुनून को पूरा करने के लिए योगाचार्य उनका पूरा साथ दे रहे हैं तथा विद्यार्थियों से लेकर युवा एवं वरिष्ठ को भी योग करा रहे हैं । योगाचार्य शिवाकांत शुक्ल द्वारा ठंड से ठिठुरते लोगों को गर्म कपड़े पहनने , गर्म पानी पीने व अदरक तुलसी युक्त काढ़ा पीने के साथ ही हृदय व शरीर के अन्य भागों में बेहतर रक्त और ऑक्सीजन के संचार के लिए एवं शरीर में गर्मी बनाए रखने के लिए किसी कुशल योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में योग करने की सलाह दी जा रही है ।

## नेशनल लोक अदालत 9 दिसम्बर को

# 23 न्यायिक खण्डपीठों का किया गया गठन

**शहडोल।** माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में 9 दिसम्बर को जिला न्यायालय शहडोल एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा कुल 23 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय शहडोल में 10 खण्डपीठों, सिविल न्यायालय ब्यौहारी में 04, सिविल न्यायालय बुढ़ार में 05 एवं सिविल न्यायालय जयसिंहनगर में 04 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय शहडोल में न्यायिक अधिकारीगण क्रमशःमाननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री महेन्द्र कुमार जैन, श्री बी.एल. प्रजापति विशेष न्यायाधीश, सुश्री प्रतिभा साठवणे प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, श्री आमोद आर्य प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्री प्रिवेन्द्र कुमार सेन, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश,श्रीमती प्रीति साल्वे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री मधुसूदन जंघेल तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, श्री अंजय कुमार सिंह, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सुश्री विजयश्री सूर्यवंशी व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, श्री ऋषभ डोंनल सिंह , तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड की खण्डपीठ गठित की गई है । सिविल न्यायालय ब्यौहारी में न्यायिक अधिकारीगण श्री निसार अहमद जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्री कमलेश साहू व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, श्रीमती किरण वर्मा , व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सुश्री रानू रिछारिया, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड की खण्डपीठ गठित की गई है। सिविल न्यायालय बुढ़ार से न्यायिक अधिकारीगण श्रीमती सुमन उईके, अति. जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्री राहुल वर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, श्रीमती शोभना गौतम, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सुश्री आकांक्षा टेकाम, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, श्रीमती रेखा द्विवेदी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड की खण्डपीठ गठित की गई है। इसी प्रकार सिविल न्यायालय जयसिंहगर से न्यायिक अधिकारीगण श्री अभिषेक गोयल जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती प्रगति मित्रा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, श्री रामअचल पाल, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, श्रीमती कमला उईके, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड की खण्डपीठ गठित की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं जिला न्यायाधीश श्रीमती निशा विश्वकर्मा ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरणों, चेक बाउन्स के प्रकरणों, पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों आदि का निराकरण किया जायेगा। बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा।



# सशस्त्र झण्डा दिवस के अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों को लगाया गया फ्लैग





**रोहित तिवारी / शहडोल।** सशस्त्र झण्डा दिवस के अवसर पर आज जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्री धीरेन्द्र सिंह, कल्याण संयोजक ओंकार लाल गवली द्वारा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री महेंद्र जैन, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश जैन, अपर कलेक्टर श्री रोमोनुस टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों को फ्लैग लगाया गया। साथ ही सशस्त्र सेना दिवस के झंडे लगाकर दान की राशि एकत्रित की गई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जानकारी दी है कि शासन द्वारा इस वर्ष शहडोल जिले में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर 468600 रुपए की धनराशि एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# अत्यधिक विरोध फैले भ्रामक अफवाहों के पश्चात सभी प्नत्याशियों को पछाड़ विजयी हुए जायसवाल

**अमित कुमार बैस**

अनूपपुर। मध्यप्नदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा विधानसभा में इस हुए चुनाव परिणाम का आकलन अंतिम तक राजनीति क्षेत्र के जानकार भी नहीं लगा पा रहे थे, यहाँ दोनों ही बड़े राजनीतिक पार्टी के प्नत्याशियों को लोग दमदार उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा था? यहाँ हुए चुनाव प्नचार के साथ साथ मतदान के बाद भी किसी के द्वारा जीत का सही आंकड़ा लगा पाने नाकाम समझ आते दिखाई पड़ रहे थे? एक तरफ भाजपा प्नत्याशी के बारे में कई भ्रामक जानकारी जनता के बीच चर्चा का विषय बना रहा और वहीं कांग्रेस के प्नत्याशी तत्कालीन विधायक के साथ अपने पूरे कार्यकाल के दौरान जनता के बीच बेहतर समन्वय व मजबूत पैठ होने की चर्चा जोरो पर रही है? जिस कारण जीत का सेहरा किसके सिर पर बंधेगा यह कह पाना किसी के लिए भी असमंजस की स्थिति के रूप में बना रहा?

## प्नत्याशी नहीं बल्कि कार्यकर्ताओ ने लड़ा चुनाव

भाजपा प्नत्याशी दिलीप जायसवाल एक बार विधायक रह चुके रहे और तीसरी बार तत्कालीन विधायक एवं वर्तमान में पुनः कांग्रेस से प्नत्याशी बनकर भाजपा प्नत्याशी एवं पूर्व विधायक दिलीप के आमने सामने चुनावी मैदान में रहे? दोनो ही प्नत्याशी को कांटे की टक्कर के रुप में देखा जा रहा था? दोनो ही बड़े दलों के कार्यकर्ताओ एवं क्षेत्र के दिग्गज नेताओं ने अपने अपने प्नत्याशी के जीत सुनिश्चित करने पूरे दमखम के साथ चुनाव में सहयोग करते दिखते रहे मानो वह प्नत्याशी के लिए नहीं अपितु स्वतः के लिए चुनाव लड़ रहे हो? क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओ ने इस पूरे चुनाव में शांतिपूर्ण व्यवस्था का परिचय देते हुए प्नचार प्नसार करते रहे और आखिरकार अंतिम क्षण में कार्यकर्ताओ ने परिश्रम का परिणाम सामने आते देख सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं नेतागण खुशी से झूम उठे तो कईयो की आंखे नम तथा उल्लास में नाचते झूमते नारा लगाते रहे,मानो प्नत्याशी दिलीप जायसवाल नहीं बल्कि उन्होंने ही जीत हासिल किया हो? जिसका श्रेय भाजपा लाड़ली बहना योजना को मान रही जिस कारण पार्टी को बहनाओ का आर्शीवाद प्नाप्त हुआ और जिससे भाजपा को बहुमत मध्यप्नदेश सहित अन्य राज्यों में देखने को मिला है? श्री जायसवाल की हुई इस जीत को कोतमा विधानसभा के इतिहास में कई लोगों के अनुसार सर्वाधिक जीत का आंकड़ा माना जा रहा है?

## विधायक उपरान्त पिछला ढ़र्रा अपनाऐंगे या गढ़ेंगे नई इबारत

इस जीत में भाजपा के लोग जिन्होंने भी प्नचार प्नसार या





तनिक भी साथ दिया वह जीत के बाद अपने खर्च से अपने नगर मोहल्ले ग्राम में मिठाईयां चहेतों लोगों में बांट उल्लास में पटाखा फोड़ने के अलावा खुद डीजे लगवा कर नाचने झूमने के अलावा दिलीप जायसवाल,शिवराज सिंह चौहान एवं मोदी जी सहित भाजपा जिन्दाबाद का नारे की गूंज लगाते दिखे? लेकिन अब लोगों के बीच यह भी सवाल उठते नजर आ रहा कि क्या श्री जायसवाल इस बार विधायक बनने के पश्चात लोगों के साथ बेहतर व्यवहार रखेंगे या विधायक के उपरान्त मैं विधायक और मेरी सरकार के अहम में तो नहीं रह जाऐंगे, श्री जायसवाल की हुई इस जीत के परिणाम से क्षेत्र के भाजपाईयो में एकजुटता दिखाई पड़ रहा जिसका श्री जायसवाल की यह जीत खुला संदेश जैसा भी है?

## इनका कहना है...

दस वर्ष बाद भाजपा कोतमा विधानसभा में विजय पताका लहराई है और इसका श्रेय प्नत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम तथा हमारे क्षेत्र के सभी बहनाओ के साथ क्षेत्रीय समस्त जनता के आर्शीवाद से हो पाया है?

**राजेश कलसा भाजपा मंड़ल अध्यक्ष राजनगर(बनगवां)**

## इनका कहना है ...

भाजपा ने एक सूत्र में बंधकर जमीनी स्तर पर राज्य और केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं की जानकारी जनता को देखकर कार्य किया,साथ ही कार्यकर्ताओं की एकजुटता साफ तौर पर इस चुनाव में देखने को मिला? कोतमा विधानसभा में भाजपा को मिली विजयीश्री इसी बात का परिणाम है,भाजपा की जीत पर मैं सभी सम्मानित मतदाताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त करता हूं।

**डॉ.सुनील कुमार चौरसिया,वरिष्ठ पत्रकार एवं अध्यक्ष नगर परिषद डूमरकछार**

# हितग्राही मूलक निर्माण कार्य के बिल भुगतान एवज में मांगी जा रही थी रकम

**रोहित तिवारी/ शहडोल।** जिले में लगातार रिश्वतखोरी के मामले माह दर माह सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में एक बार फिर लोकायुक्त की टीम ने दबिश देकर एक रिश्वतखोर सरपंच पर कार्रवाई की है। बता दे की यह ताजा मामला जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत पसौंढ़ से सामने आया है। जहां निर्वाचित सरपंच को 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रीवा लोकायुक्त की 12 सदस्यीय टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है। खबर लिखे जाने तक टीम की कार्रवाई जारी रही।

### ग्रामीण की शिकायत पर हुई कार्रवाई

लोकायुक्त रीवा एसपी से ग्राम पंचायत के निवासी अमोल सिंह ने संबंधित मामले की शिकायत की थी, जिस पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उसने अपने शिकायत में बताया था कि आरोपी सरपंच कृष्ण कुमार सिंह ने मीनाक्षी तालाब निर्माण कार्य का बिल पास करने के लिए पैसों की मांग कर रहा है। शिकायत की पुष्टि लोकायुक्त ने की। जिसके बाद सोची समझी रणनीति के तहत सरपंच को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैक किया गया। गुरूवार सुबह लगभग 11:30 बजे इस



कार्रवाई को अंजाम देते हुए टीम ने आरोपी सरपंच को ग्राम पंचायत भवन में ही पकड़ा। संबंधित मामले में खबर लिखे जाने तक आरोपी से पूछताछ जारी रही है। लोकायुक्त टीम के निरीक्षक जियाउल हक ने बताया कि, आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मस्टर निकालने में कर रहे थे हीलाहवाली

शिकायतकर्ता ने अपने दिए बयान में बताया कि, उसकी मां के नाम से मीनाक्षी तालाब स्वीकृत हुआ था। जिसका निर्माण कार्य करने के पश्चात मस्टर निकलवाने व बिल भुगतान कराया जाने की मांग, ग्राम पंचायत से लगातार की जा रही थी। बावजूद इसके, एक लंबा समय गुजर जाने के बाद भी संबंधित विषय में ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव ध्यान नहीं दे रहे थे। जिसके चलते मुझे काफी परेशानी हो रही थी। तब सरपंच से बात की तो उसने 30 प्रतिशत के हिसाब से रकम बतौर रिश्वत मांगी। जिसकी किश्त के रूप में यह रकम दी गई थी।

**तो क्या पूरी जांच बाद नपेंगे इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी:** शिकायतकर्ता के अनुसार सरपंच ने 10त्न जनपद में लगने की बात कहते हुए 5त्न इंजीनियर और 5त्न सीईओ साहब हिस्सेदारी बताई। इतना ही नहीं बाकायदा खुले तौर पर 10त्न ग्राम पंचायत में लगने की बात भी कही। अगर शिकायतकर्ता की बात को सच मान जाए तो, इस प्रकार हितग्राही मूलक कार्यों में 20त्न रकम बतौर रिश्वत, इस जनपद पंचायत में हितग्राहियों को देनी पड़ती है। तब जाकर उनके कार्यों का भुगतान संभव हो पता होगा। निश्चित रूप से इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ताकि, सरपंच जैसे अन्य रिश्वतखोर जो पर्दे के पीछे छुपकर ऐसे कृत्यों को अंजाम देते हैं या फिर बढ़ावा देने का काम करते हैं... बेनकाब हो सकें।

### इनका कहना है...


मेरे या जनपद के द्वारा कभी ग्राम पंचायत के किसी भी जिम्मेदार व्यक्तियों से इस प्रकार रकम नहीं मांगी जाती है। अगर आरोपी सरपंच ने ऐसा कहा है, तो यह गलत है। उससे ही यह पूछा जाए कि, उससे मेरी कितने समय पहले बात हुई थी। आरोप बिल्कुल निराधार है।

**अशोक मरावी**
**प्रभारी सीईओ, जयसिंहनगर।**

ऐसा कुछ भी नहीं है। आरोपी सरपंच का यह आरोप गलत है। मेरे द्वारा कभी भी अनावश्यक रूप से पैसों की मांग कभी नहीं की जाती है।

**भूपेंद्र सिंह मार्को**
**इंजीनियर।**

# दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन बिलासपुर महाप्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन





**रोहित तिवारी / शहडोल।** जिले के सिंहपुर रेल्वे स्टेशन में ओवर ब्रिज (सीडी ) निर्माण एवं पोन्डा नाला की सड़क बनवाए जाने हेतु क्षेत्र वासियों की ओर से महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन बिलासपुर को ज्ञापन दिया गया । क्षेत्र की ओर से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, उपसरपंच सिंहपुर यादवेंद्र पांडेय, उपसरपंच पड़मनिया खुर्द अनिल साहू , राहुल तिवारी , सुनील द्विवेदी सहित पड़मनिया खुर्द के ग्रामीण जन सिंहपुर रेल्वे स्टेशन में ओवर ब्रिज निर्माण हेतु प्लेटफार्म क्रमांक 1 ,2, 3 एवं टिकट काउंटर तक जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैद्य पोन्डा नाला सिंहपुर रोड बहुत खराब है हमेशा एक-दो फीट गंदा पानी भरा रहता है कई बार दुर्घटना भी हो चुकी हैं। जिसके संदर्भ में उक्त दोनों मांगों के संबंध में महाप्रबंधक को ज्ञापन पत्र सौंपा गया एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन बिलासपुर के महाप्रबंधक ने आश्वस्त किया कि उक्त दोनों काम बहुत जल्द पूरा किया जाएगा।

# मध्यप्रदेश के सबसे बड़े अनुसूचित जाति वरिष्ठ नेता इंजीनियर फूलसिंह बरैया को नेताप्रतिपक्ष बनाया जाये : एड.जयंतीलाल जाटव



**मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल/** भोपाल। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का अखिल भारतीय संगठनों के परिसंघ मध्यप्रदेश के एडवोकेट जयंती लाल जाटव प्रांतीय प्रवक्ता ने मांग की है कि विधानसभा नेता प्रतिपक्ष इंजीनियर फूल सिंह बरैया जी को बनाया जाये। श्री बरैया वरिष्ठ अनुसूचित जाति वर्ग के जन प्रिय नेता है। तथा सामाजिक सरोकारों के बड़े पैरोकार भी है। दलित, पिछड़ों व आदिवासी वर्ग के साथ ही वह प्रदेश की राजनीति के महारथियों में से है। इंजीनियर बरैया प्रदेश की पूरी जगह से परिचित हैं, कानून के जानकार है। वहीं विधायक कार्य शैली के ज्ञाता हैं एवं बेजोड़ वक्ता, सदन में बेवाकी से बात करने वाले गंभीर होने की प्रतिमूर्ति हैं। उन्हें मध्यप्रदेश की विधानसभा का नेतृत्व देते हुए नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना चाहिए। श्री बरैया ने दतिया जिले की विधानसभा




भांडेर से भाजपा के घनश्याम पिरोनिया को भारी मतों से विजय हुये है। इसके बड़े प्रभावी कार्य की ही बदौलत है कि भाजपा के पूर्व ग्रह मंत्री रहे नरोत्तम मिश्रा को हार का सामना करना पड़ा है। इन्होंने साफ तौर पर मिश्रा को हराने का संकल्प लिया था।वह पूरा हुआ। ऐसे जांबाज विधायक इंजीनियर फूल सिंह बरैया को नेताप्रतिपक्ष बनाया जाये। उक्त मांग की मांग एडवोकेट जयंती लाल जाटव ने की है वहीं परिसंघ जैसे देश व्यापी संगठन के प्रतिनिधियों ने भी मांग का समर्थन किया है।

# उच्चश्रेणी शिक्षक परषोत्तम सिंह विश्वकर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**संवाददाता हेमंत शाक्या**
**6263301848**

सुल्तानपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर ( सिवनी )में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक श्री परुषोत्तम सिंह विश्वकर्मा की सेवा निवृत्ति पर संकुल प्राचार्य श्री मती आर एस कुमार एवं संस्था के शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा जी का तिलक लगाकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया एवं उपहार स्वरूप शाल,श्रीफल ,सूटकेस एवं भगवान की फोटो भेंट की गई । संकुल प्राचार्य श्री मती आर एस कुमार द्वारा श्री विश्वकर्मा जी के सेवाकालीन कार्यों की सराहना की गई एवं उनके जीवन का उपयोग समाज की सेवा में निरंतर बना रहे ,वे हमेशा स्वस्थ और प्रशन्न रहें । इस अवसर पर



संस्था के वरिष्ठ शिक्षक एल आर गौर, अशोक खरे, कुलदीप श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, सुशील शर्मा, अंकित सिंघई,अजीत आर्य, सी एस पोरिया, महेंद्र प्रताप,उमेश साहू, रमेश लेखवानी,उमेश खरे, कुलसिंह ,देवीराम जाटव समेत संस्था के सभी शिक्षक/शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# कक्षा 5वीं तक के शैक्षणिक संस्थाएं 9 बजे के बाद होगी संचालित

शहडोल। कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने शीतकालीन मौसम प्रारंभ होने तथा तापमान में गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए शहडोल जिले के अंतर्गत नर्सरी से कक्षा 5 वीं तक के समस्त विद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थाएं प्रातः 9 बजे से पहले संचालित नही करने के आदेश जारी किया गया ।

# चुनाव में विजयीश्री हासिल करने वाले जयसिंह मरावी, श्रीमती मनीषा सिंह व शरद जुगलाल कोल को वितरित किये प्रमाण-पत्र

**रोहित तिवारी/ शहडोल।** मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 03 दिसम्बर 2023 को शहडोल जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र जैतपुर, ब्यौहारी एवं जयसिंहनगर की मतगणना जिला मुख्यालय के शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज में शांतिपूर्ण, पारदर्शिता के साथ एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई। चुनाव में विजयीश्री हासिल करने वाले जयसिंह मरावी, श्रीमती मनीषा सिंह व शरद जुगलाल कोल को वितरित किये प्रमाण-पत्र विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 03 दिसम्बर 2023 को हुई मतगणना में जयसिहंनगर विधानसभा क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती मनीषा सिंह, जैतपुर विधानसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयसिंह मरावी एवं ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शरद जुगलाल कोल विजय घोषित किये गए, जिन्हें रिटर्निंग अफिसरों द्वारा निर्वाचित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी की विजय प्रत्याशी श्रीमती मनीषा सिंह को जयसिंहनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर श्रीमती प्रगति वर्मा ने निर्वाचित प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार जैतपुर विधानसभा क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी के विजय प्रत्याशी जयसिंह मरावी को जैतपुर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते ने निर्वाचित प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी के विजय प्रत्याशी शरद जुगलाल कोल को ब्यौहारी विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर नरेंद्र सिंह धुर्वे ने निर्वाचित प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वंदना वैद्य, अपर कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रोमोनुस टोप्पो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला।

**जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र हेतु मतगणना पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न और प्रत्याशियों के परिणाम घोषित**

# शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के सुपौत मूलचंद मेधोनिया ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

**नागेश नरवारिया जी**

**भोपाल।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर पर स्वतंत्रता आन्दोलन में सन् 19 42 के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी के सुपौत मूलचंद मेधोनिया पत्रकार ने देश के करोड़ों दीन दुखियों के मसीहा, वंचितों के रहवर, नारी को सशक्त व अधिकार दिलाने महान महापुरुष भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ.बाबा साहब जी की बौद्ध विहार राहुल नगर वार्ड क्रमांक 28 भोपाल में स्थापित प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के चरणों में पुष्प अर्पित किए और नमन किया। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी इस देश के इतने बड़े विद्वानों में से एक थे। जिन्होंने विश्व के अनेक देशों में शिक्षा ग्रहण कर भारत में छायें व बड़े पैमाने पर फैले जातिवाद को खत्म करने के लिए उन्होंने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। बांबा साहब जी को मालूम हो गया था कि यहां के संकीर्ण मानसिकता व अमानवीय व्यवहार करने वाले गरीब, वंचितों और पिछड़े वर्ग को किसी भी प्रकार से उनके हक अधिकार नही देना चाहते है और न इंसान को इंसान समझने वाले है। जिनके लिए जीवन में उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना। देश की आजादी के बाद उन्हें कानून मंत्री का पद प्राप्त हुआ।जिनकी काबिलियत को सभी ने स्वीकार कर उन्हें देश का भारतीय संविधान निर्माण करने का आग्रह किया परिणामस्वरुप उन्होंने देश का ऐसा संविधान दिया।जो न सिर्फ भारत मे अंगीकार किया अपितु सम्पूर्ण विश्व में सबसे प्रिय संविधान के जनक की गरिमा बाबा साहब जी को सम्मान मिला। उन्होंने सभी वर्गों और कमजोर तबके के उत्थान के विशेष प्रावधान संविधान में लिखें। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि वंचितों को उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। हमारे देश के नेताओं और संवैधानिक पदों पर आसीन वरिष्ठों की जाबावदारी है कि अंतिम पंक्ति में खड़े आम जन को उसके मौलिक व बराबरी के अधिकार दिलाने की दिशा में ईमानदारी से काम किया जाये। किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। देश की आजादी और देश में खुशहाली के लिए दलित आदिवासी व शोषितों के अनेक महापुरुषों ने कुर्बानी दी जैसे कि मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति वर्ग के महान क्रांतिकारी वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी ने सन् 19 42 में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान देकर अंग्रेजी सेना को युद्ध में परास्त कर गांव से लहूं लुहान कर खदेड़ दिया था। ऐसे महान क्रांतिकारी को जातिगत आधार पर भेद-भाव करने वाले लोगों ने उनके जन्म स्थान पर न स्मारक बनाया और न ही शहीद परिवार को सुविधा उपलब्ध कराई। ऐसा घोर अन्याय किया है। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि के मौके पर शहीद परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित की और शासन से मांग की है कि हमारे देश के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी की शहादत की यादगार में स्मारक बनाया जाये व शहीद परिवार को सम्मान व सुविधाएं प्रदान की जाये।

## 6 दिसंबरः बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाड दिवस के लिए

*बाबा साहब आपको मेरा बारंबार*
*प्रणाम है।*
*लिखकर भारत का संविधान दिया*
*उचित आयाम है।*
*शोषित पीड़ित भी बने इस देश के*
*शासक।*
*न्योछावर किया जीवन नहीं किया*
*आराम है।*
*प्रस्तुत है मेरी रचना जिसका*
*शीर्षक है (योगदान)*
*भूल नहीं सकता समाज*
*ऐसे महान इंसान को,*
*चंद लफ़्ज़ों में मुमकिन नहीं*
*गिनना उनके योगदान को,*

*1*

*बहुजनो पर कोई गर्व करें*
*ये श्रेय उन्हें ही जाता है।*
*लोकतंत्र और संविधान से*
*उनका गहरा नाता है।*
*नमन करते हैं हम सब*
*महाराष्ट्र के बलवान को*
*चंद लफ़्ज़ों में मुमकिन नहीं*
*गिनाना उनके योगदान को।*

*2*

*मानवता के वे रक्षक थे*
*शिक्षा की राह दिखाया था,*
*संगठित हो, संघर्ष करने की*
*सबक हमे सिखाया था।*
*समाज को समर्पित था जीवन*
*नही माना था किसी रब को।*
*चंद लफ़्ज़ों में मुमकिन नहीं*
*गिनाना उनके योगदान को।*

*3*

*मौलिक अधिकार दिया सबको*
*स्वाभिमान से जीने का।*
*अपमान ना हो कभी किसी*
*श्रमिक के पसीने का ।*
*समानता पर बहुजनो का हक दे*
*कायम किया पहचान को।*
*चंद लफ़्ज़ों में मुमकिन नहीं*
*गिनाना उनके योगदान को।*

*4*

*सामाजिक सद्भावना का*
*बखूबी परिचय दिया,*
*समता समानता बंधुत्व को*
*संविधान में दर्ज किया।*
*हमारे कांधे अब छोड़ गया*
*भावी पीढ़ी के कमान को।*
*भूल नहीं सकता समाज*
*ऐसे महान् इंसान को,*
*चंद लफ़्ज़ों में मुमकिन नहीं*
*गिनाना उनके योगदान को।*

***हरीश पांडल***
***विचार क्रांति***
***छत्तीसगढ़***




**संविधान का हर एक पन्ना,**
**तेरा संघर्ष दिखाता है!**
**जीने का सम्मान सभी में,**
**ये उम्मीद जगाता है!!**
**तेरे ही तो कारण बाबा,**
**हमारा जीवन रोशन है!**
**मेरे लहू का कतरा-कतरा,**
**तुमको शीश झुकाता है!!**

**दिल उदास मन व्यथित, क्यों उदास ये मंजर है,**
**दिल चीख कर ये बोला आज 6 दिसम्बर है!**

**महापरिनिर्वाण दिवस पर कोटी कोटी नमन**

## नशा मुक्त हो जीवन सबका ??

साथियों जागो और जगाओ
नशा मुक्त भारत बनाओ


नशा मुक्त हो जीवन सबका
खुशहाली आये हर तबका।
एक बार ही मौका मिलता है
ख्याल रखना ही होगा इसका।
नशा मुक्त हो जीवन सबका।।

हाड़ तोड़ परिश्रम करके ही
हम रुपए अर्जित करते हैं ,
क्या मिलेगा हमे,जो उसे
नशे को अर्पित करते हैं,
मघ नहीं ,लहू बच्चों का पीते हैं
सोचकर क्यों नहीं लगता है
झटका
नशा मुक्त हो जीवन सबका।

नशे की लत लग जाने से
परिवार तबाह हो जाता है,
भूखे मरते,बीवी बच्चे
मान सम्मान भी घट जाता है
छोड़ो ऐसी जीवनशैली
इसमें इंसा है केवल भटका,
नशा मुक्त हो जीवन सबका

नशे से दूर रहकर ही हम
घर में खुशियां ला सकते हैं
शिक्षित बनाकर बच्चों को
सुखी परिवार पा सकते हैं।
इस सच पर मत करना खटका
नशा मुक्त हो जीवन सबका,

बचत कर रुपए पैसे, हरीश,
बच्चों को कोई रोजगार दिला
भविष्य उनका साकार करके
दूर कर दे,सब शिकवा -गिला।
नशा मुक्त हो जीवन सबका
खुशहाली आये हर तबका।



**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

# प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम से 4486 मतों से विजयी हुए

**अनूप गुप्ता**

**पुष्पराजगढ़।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में 88-पुष्पराजगढ़ (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी फुन्देलाल सिंह मार्को अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम से 4486 मतों से विजयी हुए। रिटर्निंग ऑफीसर श्री दीपक पाण्डेय ने उन्हें विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी फुन्देलाल सिंह मार्को को कुल 68020 मत तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम को कुल 63534 मत प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) के प्रत्याशी रमेश को 1894, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी अनिल सिंह धुर्वे को 13211, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी अमित कुमार पड़वार को 3832, विंध्य जनता पार्टी के प्रत्याशी अमृतलाल सोनवानी को 524, निर्दलीय प्रत्याशी अभिजीत सिंह को 581, निर्दलीय प्रत्याशी छोटे को 669, निर्दलीय प्रत्याशी नर्मदा सिंह को 2720, निर्दलीय प्रत्याशी लम्मू सिंह को 1100, निर्दलीय प्रत्याशी ललित कुमार संत को 1361 तथा हह्ल को 3985 मत प्राप्त हुए।

# गिट्टी खदानें को केंद्र से मिली राहत पर फिर रोक, अब शासन जाएगा सुप्रीम कोर्ट

**ग्वालियर (नप्र)।** काली गिट्टी व पत्थर की जिन खदानों पर एनजीटी की रोक के बाद केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर राहत दे दी थी उन पर एनजीटी की आपत्ति के बाद दोबारा रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने अप्रैल तक इन खदानों के संचालन को अनुमति दी थी। अब प्रदेश सरकार इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में



याचिका दायर करने जा रही है जिससे अप्रैल तक संचालन यथावत रखा जा सके। इस आदेश का प्रभाव ग्वालियर की सौ से ज्यादा खदानों पर भी पड़ा है जिनमें कुछ बंद करा दी गई थी लेकिन काफी खदानें अब भी चल रहीं हैं। खनिज विभाग के अनुसार ऐसी खदानें जिनके पास राज्य स्तरीय पर्यावरण एनओसी नहीं है, उन्हें बंद कराया जा रहा है, निगरानी भी कर रहे हैं। वहीं पोर्टल भी बंद कर दिया गया है। यहां बता दें कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को शिकायतें मिल रहीं थीं कि नियम कायदों को न मानते हुए कई जिले जलस्त्रोत व ऐसे स्थानों पर जिला स्तर की पर्यावरण एनओसी जारी कर रहे हैं जो नहीं की जाना चाहिए थी, इस कारण पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है।





# भारत रत्न बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि मनाई गई





**मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

गाडरवारा। जिला नरसिंहपुर परम पूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस एवं सामाजिक परिवर्तन युवा संगठन प्रथम स्थापना दिवस 6 दिसंबर पर ग्राम माल्हनवाडा नारगी तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मार्गदर्शाक के रूप में भंते धम्मदीप महानंद बोधी जी द्वारा सद मार्ग पर चलकर श्रेष्ठ मानव जीवन जीने का मार्ग बताया एवं सामाजिक परिवर्तन युवा संगठन ने संगठन के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष में जिन व्यक्तियों ने मृत्यु भोज को बंद कर के श्रद्धाजंलियां कराई है एवं जिन्होंने मानव जीवन को जीवित रखने के लिए ब्लड डोनेट किया किया था ऐसे सभी 100 व्यक्तियों को सम्मान पत्र एवं बाबा साहेब जी के छायाचित्र एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया और उन संगठनों को भी सम्मानित किया जिन्होंने समाज में परिवर्तन कहके नही करके दिखाया जैसे मृत्यु भोज, पाखंड मुक्त शादीयां एवं समाज में व्याप्त कुरितियों को बंद कराया, जिसमें सबसे पहले, धम विचार संगोष्ठी पिपरिया जिला नर्मदापुरम, दूसरा नंबर जनजागृति मंडल एजुकेशन फॉर चेंज बितली जिला नरसिंहपुर एवं तीसरे नंबर पर अहिरवार समाज संगठन जिला रायसेन के समस्त पदाधिकारीयों एवं साथियों को सम्मान पत्र से सम्मानित किया, इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सभी जिलों से वरिष्ठ समाजसेवी जागरूक महिलाएं बच्चे युवा साथी मौजूद रहे,सभी ने बाबा साहब जी के के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब जी को याद किया एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया , आयोजन समिति माल्हनवाडा नारगी जागरूक समस्त ग्राम वासियों ने इस कार्यक्रम को तन मन धन से एवं निस्वार्थ भाव से इस कार्यक्रम को अपने गांव में आयोजित किया ,आयोजक समिति ने भी सामाजिक परिवर्तन युवा संगठन के कार्यो से उत्साहित होकर आयोजिक समिति माल्हनवाडा नारगी ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र देकर संगठन को भी सम्मानित किया, सफल आयोजन होने पर आयोजक समिति एवं सामाजिक परिवर्तन युवा संगठन मध्य प्रदेश आप सभी अतिथियों का आयोजन में भाग लेने पर आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आयोजन समिति के द्वारा बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि मनाने पर इस देश की आजादी में योगदान देने वाले शूरवीर मनीराम अहिरवार जी चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के शहीद परिवार के उत्तराधिकारी मूलचंद मेधोनिया वरिष्ठ पत्रकार ने समिति के सभी सदस्यों की सराहना की और अपेक्षा की है कि वह बहुजन समाज में जन्मे सभी संतों, महात्मा, महान क्रांतिकारी और गुरुओं के मिशन को आगे बढ़ाने में कार्य कर सामाजिक क्रांति लायें।

# अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बिसाहूलाल सिंह 20419 मतों से विजयी घोषित

**अनूपपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में 87-अनूपपुर (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बिसाहूलाल सिंह अपने निकटतम प्रत्याशी इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी रमेश कुमार सिंह से 20419 मतों से विजयी हुए। रिटर्निंग ऑफीसर श्रीमती दीपशिखा भगत ने उन्हें विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बिसाहूलाल सिंह को कुल 77110 मत तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी रमेश कुमार सिंह को कुल 56691 मत प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुदामा कोल को 2480, निर्दलीय प्रत्याशी गुन्जान सिंह को 560, निर्दलीय प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद कोल को 865 तथा NOTA को 2162 मत प्राप्त हुए।

# कोतमा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिलीप जायसवाल 22788 मतों से विजयी घोषित

**अनूप गुप्ता/अनुपपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिलीप जायसवाल अपने निकटतम प्रत्याशी इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी सुनील सराफ से 22788 मतों से विजयी हुए। रिटर्निंग ऑफीसर श्री अजीत तिर्की ने उन्हें विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया।




भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिलीप जायसवाल को कुल 65818 मत तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी सुनील सराफ को कुल 43030 मत प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त बहुजन गोंड़वाना पार्टी के प्रत्याशी काली चरण चौधरी को 786, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी गिरीश कुमार तिवारी को 225, पिपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) की प्रत्याशी निर्मला प्रजापति को 157, वास्तविक भारत पार्टी के प्रत्याशी मदरू चौधरी को 249, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विनोद कृष्णपाल सिंह को 322, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी की प्रत्याशी सीमा केवट को 2977, निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल अली को 219, निर्दलीय प्रत्याशी अभयानंद बाबा जी को 406, निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश लहरे को 543, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद अनवर को 299, निर्दलीय प्रत्याशी रामपाल साहू को 462, निर्दलीय प्रत्याशी सहसराम केवट को 1068, निर्दलीय प्रत्याशी हीरावती महरा को 583 तथा हह्ल को 1486 मत प्राप्त हुए।

# विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार...से पार्टी शिर्श नेताओं को लंनी चाहिए सबक... कार्यकर्ताओं की अनदेखी से निगम के चुनाव में हो सक्ती है मात ...

लक्ष्मण पिल्लाई

**बस्तर।** ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी में भारी पदों की फेरबदल की गई जिसका खामिया जा आज कांग्रेस के लोगों को हार का मुंह देखना पड़ा, विगत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत मिली थी, किंतु इस 2023 के विधानसभा चुनाव में पिछले जीत के आंकड़े से भी कहीं ज्यादा आंकड़ा बीजेपी को मिला, इसका मुख्य कारण पार्टी के नौ सीखिए और अनुभवहीन लोगों की नेतृत्व क्षमता को भी नकारा नहीं जा सकता। ऐसे चुक के लिए आत्म मंथन के साथ-साथ फेर बदल की भी आवश्यकता नजर आती है। जगदलपुर विधानसभा में लगभग 190000 मतदाता है जिसमें से लगभग 90000 तो नगरी इकाई क्षेत्र में जो की 48 वार्ड के अंतर्गत आते हैं। अब से ठीक 8 महीने बाद फिर निगम के चुनाव होने को है, अगर ऐसे ही श्रेष्ठ नेतृत्व और पार्टी के लोगों की आपसी खिचतान में रहेंगे तो निगम चुनाव भी हाथ से फिसलती दिख रही है। कांग्रेस की आपसी कलह ही भाजपा के जीत का मुख्य कारण हो सकता है। चुनाव से पहले जो ड्रामा कांग्रेस पार्टी में चला था वह किसी से छुपा नहीं है,




जिसका असर आज सामने है, जिला का नेतृत्व बेहद निराशाजनक रहा क्योंकि कांग्रेस के वरिष्ठें को दरकिनार कर दिया गया था और उनकी कोई पूछ परख नहीं हो रही थी सलाह मस्वीरा के लिए भी, जरूरत नहीं समझी गई। कुछ वार्ड के पार्षदों के साथ भी निराशाजनक व्यवहार की बात निकलकर सामने आयी, जो सीखिए हमेशा कांग्रेस भवन को घेर कर खड़े रहते थे यह भी देखने को मिला, पुराने कांग्रेसियों को ताक में रखकर युवा कांग्रेस के लोगों को वरिष्ठ कांग्रेस मैं शामिल कर लिया गया था। और ऐसे ऐसे निष्क्रिय लोगों को मंडल वह वार्डो की जिम्मेदारी दी गई थी जिनका कोई जन आधार वह आम जनमानस से कोई सरकार नहीं था। सेवा दल के लोगों को भी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई, जो संसाधन पार्टी के द्वारा दिए गए थे उनका उपयोग जिम्मेदार लोग अपने ही हित के लिए करने लगे थे। शिर्श नेतृत्व को अनेकों बार कार्यकर्ताओं द्वारा अवगत कराया जाता रहा परंतु कार्यकर्ताओं की अंनदेखी की गई और प्रभार फर्जी लोगों को दिया गया जिसका सीधा प्रभाव चुनाव पर पड़ा, वार्ड प्रभारी ,सेक्टर प्रभारी, और बुथ प्रभारी की नियुक्ति ऐसे लोगों को दिया गया जो पूरी तरह से निष्क्रिय रहे हैं। यूं कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी की अति आत्मविश्वास और आपसी कलह भी मुख्य कारण प्रदर्शित करता है। भारी तादाद में लोगों को कांग्रेस में शामिल कराया गया था परंतु सारी मेहनत पर पानी फिर गया और अनुभवहीनता की वजह से कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा, भविष्य में अब नगरी इकाई चुनाव है, कांग्रेस को चाहिए की आत्म मंथन के साथ-साथ भारी फेरबदल बदल की भी संभावना जब तक नहीं बनती तब तक निगम के चुनाव में भी कोई कमाल कर पाना मृगतृष्णा साबित हो सकती है। कांग्रेस के लिए आत्ममंथन, और आत्मचिंतन तो जरूरी है। परंतु पदाधिकारी की फेरबदल की भी आशंका को भी नकारा नहीं जाना चाहिए।

# महिला पर्यवेक्षक के पद पर भर्ती का दिया झांसा, युवती से ठग लिए सात लाख

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सरकारी नौकरी लगाने पर बेरोजगार युवती के साथ सात लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपित ने युवती को महिला पर्यवेक्षक पद पर नौकरी बनाने का झांसा दिया था। खास बात यह है कि झांसा देने वाला खुद मैकेनिकल है। नौकरी और रुपये नहीं मिलने पर युवती ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मामला डीडीनगर थाना इलाके का है। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के गोलचौक डीडीनगर निवासी युवती ने डीडीनगर थाने में सात लाख की ठगी की शिकायत की है। युवती की शिकायत के अनुसार अंबिकापुर निवासी आरोपित विकास ठाकुर ने महिला बाल विकास विभाग में महिला पर्यवेक्षक के पद पर सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर की सात लाख रुपये की ठगी की है। आरोपित सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सोनवानी को चाचा बताकर ठगी करता था। टामन सोनवानी से हुई चैट भेजकर ठगी करता था।

# पोस्टल बैलेट में सरकारी कर्मचारियों ने भाजपा को दिया ज्यादा वोट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पोस्टल बैलेट में सरकारी कर्मचारियों ने कांग्रेस के बजाय भाजपा को ज्यादा वोट दिया है। आयोग से मिले आंकड़ों पर गौर करें तो चुनाव में एक लाख तीन हजार 753 डाक मतपत्र निर्वाचन आयोग को प्राप्त हुआ था। इनमें 43,023 वोट भाजपा व कांग्रेस को 40,768 डाक मत-पत्र प्राप्त हुआ। विधानसभा चुनाव में अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग और अनिवार्य सेवा ड्यूटी में लगे मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिए वोट किया था। 90 विधानसभा की स्थिति पर गौर करें सबसे ज्यादा टीएस सिंहदेव को 1041 वोट मिला, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह 639 ,पाटन विधानसभा से भूपेश बघेल को 591, विजय बघेल को 411, संपत अग्रवाल को 803, विजय शर्मा को 868 डाक मत मिले हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने पांच दिसंबर को राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात करके उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य की छठवीं विधानसभा के गठन के निर्वाचित सदस्यों के अधिसूचना के साथ निर्वाचित अभ्यर्थियों की सूची सौंपी थी।

# सूने मकानों को निशाना बनाने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश

**भिलाई।** शहर के अलग-अलग स्थानों के सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरियां करने वाले दो शातिर चोर गिरोह के सात सदस्यों और उनसे चोरी का माल खरीदने वाले तीन खरीदारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों ने जामुल, पुरानी भिलाई, मोहन नगर थाना और स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में कुल 13 स्थानों पर चोरी करने की बात स्वीकार की है। आरोपितों की निशानदेही पर कुल 64 लाख 75 हजार रुपये का माल बरामद किया गया है। आरोपितों के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। दुर्ग एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि शहर में चोरी के मामले का राजफाश किया गया है। उन्होंने बताया कि दो चोर गिरोह लगातार शहर में चोरियां कर रहे थे। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से आरोपितों का सुराग मिला, जिसके आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। अय्यपा नगर सुपेला निवासी सकलैन खान (25), गौसपेल चर्च के पीछे फरीद नगर सुपेला निवासी मो. शयान रिजवी (21), लाल मैदान के पास फरीद नगर सुपेला निवासी फरहान खान (25) और बड़े मैदान के पास फरीद नगर सुपेला निवासी तौकीर हमजा उर्फ ताहा (21) ने जामुल के हाउसिंग बोर्ड, कैलाश नगर, लक्ष्मी विहार, पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के पंचशील नगर, वसुंधरा नगर, मोहन नगर थाना क्षेत्र के हरि नगर व स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के त्रिवेणी नगर के सूने मकानों में चोरियां की थीं। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे लोग एक पल्सर मोटर साइकिल से घूमकर सूने मकानों को चिह्नित करते थे और वहां पर चोरियां करते थे। चोरी के बाद वे लोग सामान को बेच देते थे। आरोपितों ने गुजराती धर्मशाला के पास तकियापारा दुर्ग निवासी शेख नौशाद (36) के माध्यम से आदित्य नगर दुर्ग निवासी काजल मंडल (51) से चोरी के जेवर को बेचा था। आरोपितों की निशानदेही पर उनके पास से चोरी का



माल बरामद किया गया है।

## एक अन्य गिरोह पकड़ाया

वहीं दूसरे गिरोह में शामिल तीन आरोपितों मिलन चौक कैंप-दो निवासी विशाल सिंह उर्फ मर्चा (31), हनुमान नगर दुर्ग निवासी आकाश यादव उर्फ गोल्डी (23) और पुराना मछली मार्केट के पास कैंप-दो निवासी आलोक साव (20) को गिरफ्तार किया गया। इन तीनों आरोपितों ने मोहन नगर दुर्ग के हरि नगर, सिंधिया नगर, साकेत कालोनी और छावनी थाना क्षेत्र दुर्गा पारा में चोरी की थी। इन आरोपितों ने भी चोरी के माल को देना बैंक के पीछे जोन-एक खुर्सीपार निवासी निवासी रीता चौधरी (35) से बेच दिया था।

## दोनों गिरोह से बरामद सामान

सोने के जेवर करीब 934 ग्राम वजनी (अनुमानित कीमत करीब 58 लाख 84 हजार 200 रुपये)। चांदी के जेवर करीब दो किलो 716 ग्राम वजनी (अनुमानित कीमत एक लाख 98 हजार 268 रुपये)। एक एलईडी टीवी, दो लैपटाप, दो डिजिटल कैमरा, एक मोटर पंप, पांच डिजिटल स्मार्ट वाच और घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक और जूपिटर स्कूटी बरामद की गई है।

# कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ मारपीट के विरोध मे स्थानीय विधायक केदार कश्यप का कांग्रेसियों ने फूंका पुतला।


**नारायणपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करन्दोला मुख्य चौराहा मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानपुरी के तत्वाधान मे भाजपाइयों के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ मारपीट के विरोध में स्थानीय विधायक केदार कश्यप का पुतला दहन कर धरना प्रदर्शन किया गया । इस दौरान कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी और नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने बताया कि प्रदेश मे भाजपा के सत्ता मे आने के बाद शपथ ग्रहण भी नहीं हुआ है और इससे पहले ही भाजपा का असली चेहरा उजागर हुआ। भाजपा की शपथ ग्रहण के पूर्व ही दबंगई यह दर्शाती है कि आने वाले 5 साल छत्तीसगढ़ का स्थिति क्या होने वाला है। भानपुरी ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र जैन ने कहा कि हम जनादेश का सम्मान करते है



लोकतंत्र मे हार जीत लगा रहता है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा करन्दोला मे जाकर हमारे कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट किया गया जिसका हम घोर निंदा करते है। स्थानीय विधायक केदार कश्यप के पुनः विधायक बनने पर उनके कार्यकर्त्ताओ की दबंगई फिर से शुरू हुई है इसका जवाब जनता आगामी दिनों मे जरूर देगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र जैन,सांसद प्रतिनिधि श्याम दीवान, उल्लास कश्यप,युवा कांग्रेस कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिल बघेल,सालीक बघेल,जया ध्रुव,तुलसी कश्यप,सुनील देवांगन,मोसु बघेल,बबलू बघेल,सानू कश्यप,एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर बघेल, जिला उपाध्यक्ष ओमकार यादव,ब्लॉक अध्यक्ष धर्मा पाढ़ी मंगल सेठिया,लखेश्वर ठाकुर,प्रमोद मौर्य, डीजेंद्र पाढ़ी,लखेश्वर ठाकुर,जईत पटेल,सोनसिंह ठाकुर, पुनऊ कश्यप,सुखदेव,बलराम,डमरू कश्यप, लोकेश कश्यप, दुकारू, दया,रमेश पांडे, फरसू बघेल,अर्चित कश्यप,विक्की कश्यप,भुनेश्वर कश्यप,लक्ष्मण दीवान, प्रवीण मौर्य,चिंगडू राम,राम सिंह,कृषणा,रामप्रसाद, दशमू राम, शिरो राम बघेल, कृष्णा कुमार, गुलाब चंद, महादेव,भादू राम,अर्जुन,सोनारू राम,गणेश बघेल,संपत,कमेलदास, समदूराम, मगिया राम, ढोई राम बघेल,गोमती,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 'फाइटर' से सामने आया अनिल कपूर का फर्स्ट लुक, ऑफिसर के किरदार में आएंगे नजर

**इंदौर।** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म फाइटर को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। पहली बार इस फिल्म से ऋतिक और दीपिका पादुकोण की केमिस्ट्री ऑन स्क्रीन देखने को मिलेगी। हाल ही में दोनों एक्टर्स को फर्स्ट लुक रिवील किया गया है। वहीं, अब अनिल कपूर का भी फर्स्ट लुक सामने आ गया है। अनिल कपूर अपनी फिल्म एनिमल को लेकर पहले से ही काफी लाइमलाइट में हैं। एनिमल में उन्होंने रणबीर कपूर के पिता का रोल निभाया है। एनिमल के बाद अब फाइटर में अनिल कपूर धमाल मचाने वाले हैं।




**फाइटर से अनिल कपूर का फर्स्ट लुक आउटः** फाइटर फिल्म सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी है। फिल्म में अनिल कपूर, ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के रोल में नजर आने वाले हैं। हाल ही में फिल्म से उनका दमदार लुक शेयर किया गया है। इस लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। जैसे-जैसे सितारों के फर्स्ट लुक रिवील हो रहे हैं, वैसे-वैसे फिल्म को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ती जा रही है। अनिल कपूर ने खुद फिल्म से अपना फर्स्ट लुक फैंस के साथ शेयर किया है। बता दें कि ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान को भी सिद्धार्थ आनंद ने ही निर्देशित किया था। इस फिल्म ने शाहरुख खान ने लीड रोल निभाया था।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

अब एक बार फिर सिद्धार्थ आनंद ने ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर के साथ फाइटर का निर्माण किया है। यह फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फाइटर फिल्म इंडिया की पहली एरियल एक्शन फिल्म है। वहीं, दीपिका पादुकोण की बात करें, तो कुछ समय पहले ही सिंघम अगेन से उनका फर्स्ट लुक आउट हुआ था। दीपिका का यह लुक फाइटर फिल्म की तरह की शानदार लग रहा है। दोनों को देखकर कहा जा सकता है कि दीपिका अब अपने एक्शन भरे अंदाज के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं।

# बिग बॉस में होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री, इस कंटेस्टेंट को देख उड़ जाएंगे घरवालों के होश



**इंदौर।** टेलीविजन का पॉपुलर शो बिग बॉस 17 दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। शो में आए दिन नए ट्विस्ट एंड टर्न्स देखने को मिल रहे हैं। सलमान के इस शो में अब एक नया मोड़ आने वाला है। दरअसल, जल्द ही वाइल्ड कार्ड एंट्री होने वाली है। बिग बॉश 17 में समर्थ जुरेल, मनस्वी ममगई और ओरी बतौर वाइल्ड एंट्री घर में जा चुके हैं। वहीं, अब एक और कंटेस्टेंट घर में एंट्री लेने वाला है। हाल ही में खबरें मिली हैं कि दिसंबर के पहले हफ्ते में शो में पॉपुलर ग्लोबल स्टार शामिल होने वाला है। इस खबर को लेकर अपडेट भी सामने आया है।

### शामिल होने जा रहे हैं कोरिया स्टार

बिग बॉस 17 में शामिल होने वाला नया कंटेस्टेंट कोरिया के पॉपुलर सिंगर हैं। ये पॉप स्टार ऑरा हैं, जिनकी शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री कन्फर्म हो गई है। दरअसल, इस वाइल्ड कार्ड एंट्री को मेकर्स ने पहले पोस्टपोन कर दिया था, लेकिन अब वह समय आ गया है। इतना ही नहीं, ऑरा ने अपनी इंस्टा स्टोरी में कुछ लेटर्स भी शेयर किए हैं, जिसमें उन्हें बिग बॉस को लेकर कई सारी विशेज मिल रही हैं। इस पोस्ट के साथ ही सिंगर ने सलमान खान के शो में अपनी एंट्री पर मुहर लगा दी है। हालांकि, अभी तक शो के मेकर्स की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।




# हेमा मालिनी के कारण धर्मेंद्र ने एक सीन में खर्च किए थे हजारों रुपए

**इंदौर।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर धर्मेंद्र आज अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। धर्मेंद्र 88 साल के हो चुके हैं। धर्मेंद्र ने अपनी शानदार एक्टिंग से हर किसी के दिल में अलग ही जगह बनाई है। अपने जमाने में सबसे ज्यादा हिट फिल्म देने वाले एक्टर की फॉलोइंग आज काफी ज्यादा है। धर्मेंद्र ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे के साथ की थी। इसके बाद उन्होंने कई शानदार फिल्में बॉलीवुड को दी है। 88 साल की उम्र में आज भी धर्मेंद्र इंडस्ट्री में काफी एक्टिव हैं। इसी साल 2023 में वे फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आए थे।

### शोले फिल्म के सीन का मजेदार किस्सा

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म से धर्मेंद्र ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। दरअसल इस फिल्म में शबाना आजमी के साथ उनका किसिंग सीन काफी लाइमलाइट में रहा था। इस फिल्म से एक बार फिर उन्होंने साबित कर दिया था कि वे कमाल के एक्टर हैं। एक्टर के जन्मदिन के खास मौके पर हम आपको उनकी फिल्मी दुनिया के कुछ दिलचस्प किस्से सुनाने जा रहे हैं। धर्मेंद्र के करियर की सबसे बड़ी फिल्म शोले रही है। इस फिल्म से ही एक्टर ने हेमा मालिनी को अपना दिल दे दिया था। वे एक्ट्रेस को इम्प्रेस करने की पूरी कोशिश किया करते थे।

### एक्ट्रेस के पीछे उड़ा दिए थे हजारों रुपए

इतना ही नहीं, उस समय धर्मेंद्र ने एक्ट्रेस के पीछे हजारों रुपए उड़ा दिए थे। दरअसल, शोले फिल्म के एक सीन में धर्मेंद्र, हेमा मालिनी को बंदूक चलाना सिखाते हैं। फिल्म का यह सीन काफी आइकोनिक है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस सीन की शूटिंग के दौरान धर्मेंद्र लाइट ब्वॉय को 20 रुपये देते थे, ताकि वह जानबूझकर परेशान करे और इस सीन के लिए बार-बार रीटेक हो। धर्मेंद्र ऐसा सिर्फ इसलिए करते थे ताकि वे हेमा मालिनी को गले लगा सकें। ऐसा करने के लिए उन्होंने धीरे-धीरे करके 2000 रुपये खर्च कर डाले थे।

# जोधा अकबर, पद्मावत समेत इन फिल्मों का करणी सेना ने किया है विरोध

**इंदौर।** बीते दिन करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की राजस्थान के जयपुर में अज्ञात बंदूकधारियों ने दिनदहाड़े हत्या कर दी। मिली जानकारी के मुताबिक, अज्ञात घुसपैठियों ने गोगामेड़ी और उनके गनमैन नरेंद्र पर उनके घर में घुसकर गोलीबारी की। बता दें कि करणी सेना हमेशा से ही कई विवादों के कारण चर्चा में रही है। वहीं, बॉलीवुड से भी करणी सेना का नाता रहा है। सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन करणी सेना अपने विरोध प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। बॉलीवुड की ऐसी कई फिल्में रही हैं, जिन्हें करणी सेना के विरोध का सामना करना पड़ा है।

### पद्मावत

संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म पद्मावती में एक राजपूत रानी को अलग तरह से दिखाया गया था।जिसके कारण साल 2017 में यह फिल्म विवादों में आ गई। इतना ही नहीं, संजय लीला भंसाली पर हमला भी किया गया और फिल्म के सेट पर तोड़फोड़ भी की गई। फिल्म में पद्मावती और अलाउद्दीन खिलजी से जुड़ा एक रोमांटिक सीन भी था। हालांकि, बाद में संजय लीला





भंसाली ने इसका खंडन किया था। काफी विवादों के बाद फिल्म का नाम बदलकर पद्मावत कर दिया गया था।

### तांडव

अमेजन प्राइम की सीरीज तांडव को लेकर भी काफी विवाद हुआ था। करणी सेना के प्रमुख अजय सेंगर ने इस सीरीज को लेकर मुद्दा उठाया था। उनका कहना था कि इस सीरीज में हिंदू देवताओं का अपमान किया गया है। सीरीज के एक सीन में मोहम्मद जीशान अय्यूब को एक थिएटर प्रोडक्शन में हिंदू भगवान महादेव का चित्रण करते हुए दिखाया गया था।

### लक्ष्मी

करणी सेना ने लक्ष्मी फिल्म के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा था। सेना का कहना था कि फिल्म का शीर्षक देवी लक्ष्मी के लिए अपमानजनक है और यह जनता को हिंदू धर्म की विचारधारा, रीति-रिवाजों, देवी-देवताओं के बारे में गलत संदेश दे रहा है। इतना ही नहीं, सेना ने सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को लिखे पत्र में मांग की थी कि फिल्म की निर्माण टीम को इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। काफी विवादों के बाद फिल्म मेकर्स को लक्ष्मी बॉम्ब को बदलकर लक्ष्मी करना पड़ा।

### मणिकर्णिका


कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिका में लक्ष्मीबाई और एक ब्रिटिश अधिकारी के बीच रोमांस दिखाया गया था, इसलिए करणी सेना इस फिल्म से भी नाराज थी। उनका कहना था कि फिल्म में रानी को किसी गाने पर नाचते हुए देखना उनकी परंपरा के खिलाफ है। इस वजह से फिल्म का काफी विरोध किया गया था।

# भारत और अमेरिका की व्यापार बैठक अगले माह, इन मुद्दों पर हो सकती है चर्चा



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका अगले माह होने वाली सालाना व्यापार नीति फोरम बैठक की तैयारी कर रहे हैं। इस मामले के जानकार व्यक्तियों के मुताबिक इसमें दोनों पक्षों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, व्यापार व निवेश मुद्दों को सुलझाने और भविष्य के मुद्दों की पहचान किए जाने की उम्मीद है। इस मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्ति के मुताबिक, %टीपीएफ की बैठक इस महीने में होने की उम्मीद थी लेकिन अब यह जनवरी में होने की उम्मीद है। भारत अमेरिका टीपीएफ की सह अध्यक्षता वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) और कैथरीन ताई करेंगी। दोनों देशों ने जनवरी, 2023 टीपीएफ की 13वीं मंत्रिस्तरीय बैठक की थी। चार वर्ष के अंतराल के बाद नवंबर 2021 में भारत-अमेरिका टीपीएफ हुआ। यह फोरम महत्त्वपूर्ण है क्योंकि भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक व निर्यात साझेदार अमेरिका है। अप्रैल-अक्टूबर में द्विपक्षीय व्यापार कारोबार 69.36 अरब डॉलर हुआ था। यह बैठक उस समय हो रही है जब भारत अमेरिका के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुके हैं। था। इस क्रम में भारत और अमेरिका विश्व व्यापार संगठन के कई विवादित मुद्दों को हल करने की आम सहमति बना चुके हैं।

## भारतीय बैंकों का बढ़ेगा मुनाफाः मूडीज रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस की एक रिपोर्ट के अनुसार, कम प्रावधान खर्च और ज्यादा यील्ड वाले खुदरा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के कारण भारतीय बैंकों के मुनाफे में वृद्धि देखी जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यापक एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, महामारी से उबरने के दौरान बैंकों का मुनाफा स्थिर होने की उम्मीद है, शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) स्थिर रहने का अनुमान है। यह स्थिरता इसलिए है क्योंकि केंद्रीय बैंकों द्वारा दर वृद्धि को रोके रखा गया है और प्रावधान खर्चों को भी बढ़ने नहीं दिया गया है। हालिया पॉलिसी एडजस्टमेंट के बाद लोन मूल्य निर्धारण में बदलाव के कारण चीनी बैंक ज्यादा संघर्ष कर सकते हैं। चीन की धीमी अर्थव्यवस्था के कारण क्षेत्र में समग्र आर्थिक स्थिति चिंताजनक है, जो कम स्थानीय मांग, खराब निर्यात और संपत्ति बाजार में सुधार जैसे कारकों से प्रभावित है। यह मंदी पूरे क्षेत्र को प्रभावित कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन का आर्थिक सुधार धीमा हो रहा है, 2023 में विकास दर 5% और 2024 में 4ञ होने का अनुमान है। यह मंदी सिर्फ चीन के लिए एक समस्या नहीं है; यह व्यापक एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए भी जोखिम पैदा करता है। यह बैंकिंग, लोन क्वालिटी और समग्र आर्थिक स्थिरता जैसी चीज़ों को प्रभावित कर सकता है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि चीन की जीडीपी 2023 में 5ञ और 2024 में 4ञ बढ़ेगी। चीन में धीमी वृद्धि का इस क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

# LIC है दुनिया की चौथी बड़ी इंश्योरेंस कंपनी, जानिए कौन है पहले नंबर पर




**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी है लेकिन दुनिया में यह चौथे नंबर पर है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केटिंग इंटेलीजेंस के मुताबिक एलआईसी के पास कुल 503.7 अरब डॉलर का रिजर्व है। इस लिस्ट में जर्मनी की कंपनी अलायंज एसई 750.2 अरब डॉलर रिजर्व के साथ पहले नंबर पर है। चाइना लाइन इंश्योरेंस कंपनी 616.9 अरब डॉलर के रिजर्व के साथ दूसरे और निप्पन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी 536.8 अरब डॉलर के रिजर्व के साथ दूसरे नंबर पर है। दुनिया की टॉप 50 इंश्योरेंस कंपनियों की लिस्ट में एलआईसी एकमात्र भारतीय कंपनी है। इस लिस्ट में यूरोप को छह देशों का बोलबाला है। इन देशों की 21 कंपनियों को इस लिस्ट में जगह मिली है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन की छह कंपनियां इस लिस्ट में शामिल हैं। ग्लोबल लाइफ इंश्योरेंस में भारत की हिस्सेदारी मात्र 1.9 फीसदी है। इसके बावजूद एलआईसी दुनिया का पांच टॉप इंश्योरेंस कंपनियों की लिस्ट में शामिल है। इसकी वजह यह है कि भारतीय बाजार में एलआईसी का दबदबा है। हालांकि न्यूज बिजनस के संदर्भ में देखें तो कंपनी का मार्केट शेयर गिरकर 59 फीसदी रह गया है। प्रीमियम इनकम की बाद करें तो 2023 में भारत दुनिया में सातवें नंबर पर रहा। 2022 में भारत की रैंकिंग नौवीं थी।

### अमेरिका नंबर वन

Swiss Re की ताजा वर्ल्ड इंश्योरेंस रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2023 में भारत का इंश्योरेंस प्रीमियम बढ़कर 131 अरब डॉलर पहुंच गया जो एक साल पहले 123 अरब डॉलर था। टॉप 50 में एशिया की 17 और नॉर्थ अमेरिका की कंपनियां शामिल हैं। एशियाई कंपनियों में चीन और जापान की पांच कंपनियों को इस लिस्ट में जगह मिली है। इंडिविजुअल कंट्री बात करें तो अमेरिका की आठ कंपनियों को इस लिस्ट में जगह मिली है। अमेरिका की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी मेटलाइफ ग्लोबल लाइफ इंश्योरर्स की लिस्ट में सातवें नंबर पर है।

# प्याज, टमाटर की बढ़ती कीमतों से मांसाहारी व शाकाहारी थाली की कीमत बढ़ीः क्रिसिल



**मुंबई।** प्याज और टमाटर की बढ़ती कीमतों के कारण नवंबर में सामान्य शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत में मासिक आधार पर वृद्धि हुई है। एक घरेलू रेटिंग एजेंसी बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। क्रिसिल एमआईएंडए रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्याज और टमाटर की कीमतों में मासिक आधार पर 58 प्रतिशत तथा 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी के कारण दाम बढ़े हैं। त्योहारी मांग और अनियमित वर्षा के कारण खरीफ के मौसम में कम उत्पादन के कारण प्याज और टमाटर की कीमतों में वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में घर में बनी शाकाहारी और मांसाहारी थालियों की कीमत में मासिक आधार पर क्रमशः 10 प्रतिशत और पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मासिक आधार पर मुर्गियों की कीमतों में मामूली एक से तीन प्रतिशत की गिरावट आई। मांसाहारी थाली की कीमत में मुर्गियों की कीमत का 50 प्रतिशत योगदान है। प्याज और टमाटर की कीमतों में क्रमशः 93 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ गई। दालों की कीमतें सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़ीं। इनका शाकाहारी थाली की कीमत में नौ प्रतिशत योगदान है। घर पर बनी भोजन की थाली की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित कच्चे माले की कीमतों के आधार पर की जाती है।

# रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची वाहनों की खुदरा बिक्री, FADA ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली।** भारत में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री नवंबर में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान यात्री वाहन और दोपहिया खंडों की बिक्री सबसे अधिक रही। वाहन डीलर के निकाय फाडा ने मंगलवार को यह बात कही। कुल खुदरा बिक्री नवंबर में 18 प्रतिशत बढ़कर 28,54,242 इकाई रही, जो नवंबर 2022 में 24,09,535 इकाई थी। यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 3,60,431 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 3,07,550 इकाई थी। इसी तरह दोपहिया वाहनों का पंजीकरण पिछले महीने 21 प्रतिशत बढ़कर 22,47,366 इकाई हो गया, जो पिछले साल नवंबर में 18,56,108 इकाई था। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, ''नवंबर 2023 में भारतीय मोटर वाहन खुदरा उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक महीना बन गया है। इस महीने 28.54 लाख वाहन बेचे गए। इससे पहले मार्च 2020 में सर्वाधिक 25.69 लाख वाहन बेचे गए थे।'' उन्होंने कहा कि दोपहिया और यात्री वाहन खंड ने पिछले महीने नए रिकॉर्ड बनाए। सिंघानिया ने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में 22.47 लाख वाहनों की बिक्री देखी गई। यह मार्च 2020 के पिछले उच्च स्तर से 1.77 लाख अधिक है। यात्री वाहन श्रेणी में 3.6 लाख इकाइयां बेची गईं, जो अक्टूबर 2022 के पिछले उच्च स्तर से 4,000 इकाइयां अधिक है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने पीवी की बिक्री दीपावली और नए और आकर्षक मॉडल जारी होने से बढ़ी। तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने बढ़कर 99,890 इकाई हो गई, जो नवंबर 2022 से 23 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, नवंबर में ट्रैक्टर की बिक्री 21 प्रतिशत घटकर 61,969 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 78,720 इकाई थी।



स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)